# आचार संहिता

**दस्तावेज़ प्रबंधन**

यह दस्तावेज़ बहु-भाषाओं में उपलब्ध है और इसका समय-समय पर अपडेट किया जा सकता है। संदेह से बचने के लिए यह स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाता है कि कॉफ्को इंटरनेशनल लिमिटेड ("सीआईएल") कॉर्पोरेट कॉड कमिटी ("सीसीसी") के द्वारा प्रकाशित और वितरित अंग्रेज़ी संस्करण को हमेशा श्रेष्ठ माना जायेगा। अगर आप आश्वस्त नही हैं कि आपके (मुद्रित) दस्तावेज़ का संस्करण नवीनतम है, तो कृपया सीआईएल के वेब पेज़ से परामर्श प्राप्त करें (www.**cofcointernational**.com)।

प्रिय कॉफ्को इंटरनेशनल के कर्मचारी,

हमारी आचार संहिता वही है जो हम कॉफ्को इंटरनेशनल में करते हैं।

कॉफ्को का दर्शन लोगों और हम जिस ग्रह पर रहते हैं उसके बीच के संतुलन के द्वारा प्रेरित है। हरित रंग, जीवन के रंग, में लोगो के हृदय में अवस्थित व्यक्तियों के द्वारा, हमारी कंपनी के लोगो में इस दर्शन को प्रस्तुत किया गया है। यह हाथ में हाथ डाले व्यक्तियों और उनके हृदयों का एक हृदय के रूप में धड़कने का प्रतीक है। नीला आकाश हमारे लक्ष्यों, आदर्शों और हमारी तलाश का प्रतिनिधित्व करता है। नारंगी भूमि और उसकी उपज का प्रतीक होती है कॉफ्को का दर्शन कॉफ्को इंटरनेशनल के उद्देश्य की नींव है।

इसलिए, कॉफ्को इंटरनेशनल में हम, यह मानते हैं कि जिन कृषि उत्पादों की आवश्यकता हमे अपने दैनिक जीवन को चलाने के लिए होती है, वे आज और भविष्य में इस पृथ्वी पर विद्यमान प्रत्येक व्यक्ति के लिए उपलब्ध होने चाहिएं। सबकुछ 'कल की माँग को पूरा करने' से जुड़ा है, और अगर हम लोगों का ध्यान रखना चाहते हैं तो हमे आवश्यक रूप से हमारी पृथ्वी का भी ध्यान रखना चाहिए।

इस कारणवश, हमे इस दायित्व पर उस तरीके से ध्यान देने की आवश्यकता है जिस प्रकार हम, यह सुनिश्चित करके कि हमारा व्यवसाय ईमानदारी से और अपने स्टेकहॉल्डरों के प्रति सम्मान के साथ संचालित हो, अपने व्यवसाय पर ध्यान देते हैं। हमने इसे अपनी आचार संहिता में औपचारिक रूप प्रदान किया है। इस संहिता के सिद्धांत कॉफ्को इंटरनेशनल में काम करने वाला प्रत्येक व्यक्ति पर लागू होते हैं क्योंकि हममे से हर एक व्यक्ति हमारी कम्पनी का एक राजदूत है

एकसाथ मिलकर हमे यह सुनिश्चित करना होगा कि हम अपनी आचार संहिता और इसके द्वारा प्रस्तुत मूल्यों का पालन करें। यही एक तरीका है जिसके द्वारा हम, लोगों और जहाँ हम रह रहे हैं उसके बीच संतुलन बिठाने में अपनी भूमिका निभा सकते हैं।

अगर आपको कोई प्रश्न पूछना है या आपको किसी प्रकार की चिंताएं हैं, तो कृपया अपने प्रबंधक या हमारे नेतृत्व दल में किसी से उस संबंध में चर्चा करने से हिचकिचाएं नहीं।

कॉफ्को इंटरनेशनल के राजदूत का कार्य करने हेतु धन्यवाद।

डेविड डॉंग

**आचार संहिता**

सीआईएल की आचार संहिता हमारे कॉर्पोरेट मूल्यों की आवेशपूर्ण दृष्टिकोण, ईमानदारी, समग्रता, नवप्रवर्तन और स्थिरता में निहित है। हमने इन कॉर्पोरेट मूल्यों को हमारे स्टेकहॉल्डरों, हमारे व्यावसायिक सिद्धांतों के प्रति किसी प्रकार व्यवहार किया जाए उससे संबंधित 5 मुख्य सिद्धांतों में अनुवादित किया हैः

- हम कानून का अनुपालन करते हैं और पारदर्शिता और उच्च नैतिक मानकों के साथ अपने व्यवसाय का संचालन करते हैं।
- हम लोगों के साथ आदर व सम्मान के साथ यथोचित व्यवहार करते हैं।
- हम हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में दीर्घकालिक और विश्वासपात्र सांझेदारों के रूप में कार्य करते हैं।
- हम चिरस्थायी विकास हेतु योगदान करके अपने व्यवसाय का संचालन करने का प्रयास करते हैं।
- हम जिन समुदायों में कार्य करते और रहते हैं वहाँ एक सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं।

यह आचार संहिता प्रत्येक व्यवसाय संबंधी सिद्धांत पर अधिक विस्तृत स्वभावजन्य मानकों को स्थापित करती है और दुनियाभर में व्यवसाय करने हेतु सभी कर्मचारियों से अपेक्षित व्यवहार का आदेश करती है। **प्रत्येक व्यक्तिगत कर्मचारी की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी है कि वह संहिता का अनुपालन करे।** इसके अतिरिक्त, प्रत्येक पर्यवेक्षक और प्रबंधक का यह दायित्व है कि वह एक नैतिक आदर्श प्रस्तुत करे। संहिता उन स्थितियों में भी मार्गदर्शन प्रदान करती है जहाँ यह निश्चित करना कठिन होता है कि उचित कदम क्या होगा।

**संहिता का दायरा**

हमारी संहिता सीआईएल के सभी कर्मचारियों पर लागू होती है, चाहे वे कहीं भी स्थित हों। हम हमारी ओर से कार्य करने वाले हमारे वितरकों, एजेंटो, ठेकेदारों, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य व्यावसायिक साझेदारों से भी इस संहिता के सिद्धांतों एवं मानकों का अनुपालन करने की अपेक्षा करते हैं।

**संहिता के अंतर्गत नीतियाँ और कार्य-पद्धतियाँ**

कंपनी इस संहिता और इसके सिद्धांतों के अतिरिक्त विस्तार के रूप में नीतियों और कार्य-पद्धतियों को ज़ारी करती है। इन नीतियों एवं कार्य-पद्धतियों को इस संहिता का अभिन्न अंग माना जाता है और इनका तद्नुसार पालन किया जाना चाहिए।

**संहिता के उल्लंघन**

जो कोई भी संहिता का उल्लंघन करता है उसपर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी, जिसमे नौकरी से बर्खास्तगी या निष्कासन शामिल है। न्यायोचित, समान रूप से और लागू होने वाले कानूनों के अनुसार सभी अनुशासनात्मक उपायों को लागू किया जायेगा। यह आवश्यक है कि कर्मचारियों को अगर किसी के द्वारा इस संहिता का अनुपालन नही करने के बारे में जानकारी है या जानकारी प्राप्त हुई है या उन्हे ऐसा करने का किसी पर शक है, तो उन्हें इसके बारे में बताना चाहिए।

**संहिता के उल्लंघनों के बारे में सूचित करना**

अगर आपको हमारी संहिता के उल्लंघनों के बारे जानकारी हुई है, तो आपका दायित्व है कि आप साफ तौर पर कहें। कंपनी कर्मचारियों को किसी प्रकार की भी चिंताओं के बारे में या तो स्थानीय मानव संसाधन प्रबंधक, सीआईएल कोर्पोरेट संहिता समिति (integrityhotline@cofcointernational.com) को या सूचना माध्यम सीआईएल।

अखंडता हॉटलाइन

पर सूचित करने हेतु प्रोत्साहित करती है। हमारी संहिता सभी हितधारकों, जिनमें आपूर्तिकर्ता, व्यापार भागीदार, स्थानीय समुदाय और अन्य शामिल हैं, को प्रोत्साहित करती है कि वे CIL के कर्मचारियों द्वारा देखे गए कदाचार की किसी भी घटना की सूचना दें। इन सूचनाओं को व्यक्तिगत रूप से, फोन, ई-मेल या नियमित पत्र के द्वारा भी सबमिट किया जा सकता है।

अखंडता हॉटलाइन प्रक्रिया
में अतिरिक्त विवरण शामिल हैं।

अनुचित आचरण की सभी सूचनाओं को गंभीरता से लिया जाता है और उनकी गोपनीय रूप से, संपूर्ण और न्यायोचित जाँच की जाती है।

**कोई प्रति-हिंसा नहीं**
**हम उनका सम्मान करते हैं जो अनुचित व्यवहार के प्रति चिंताओं को व्यक्त करते हैं और हम सद्भाव से वास्तविक या संभावित अनुचित आचरण के बारे में सूचित करने के लिए किसी के विरूद्ध किसी प्रकार की प्रति-हिंसा को कभी भी सहन नही करेंगे।** सभी सूचनाओं की जाँच की जायेगी और अगर कोई उल्लंघन हुआ है, तो उचित अनुशासनात्मक कार्यवाही की जायेगी।

**अनुपालन**
**हम कानून का अनुपालन करते हैं और पारदर्शिता और उच्च नैतिक मानकों के साथ अपने व्यवसाय का संचालन करते हैं।**

**कानून का अनुपालन**
सीआईएल में हम जिस देश में कार्य कर रहे हैं वहाँ के सभी कानूनों और अधिनियमों की अनुपालना करते हुए कंपनी के सर्वोच्च हितों हेतु कार्य करने का प्रयास करते हैं।

**उचित प्रतियोगिता**
उचित एवं प्रतियोगिता मुक्त-बाज़ार सुनिश्चित करने के लिए स्पर्धारोधी कानूनों को तैयार किया जाता है। सीआईएल में हमे बाज़ार में जोशपूर्वक प्रतियोगिता करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, किन्तु ऐसा हमे हम जहाँ व्यवसाय कर रहे हैं वहाँ लागू स्पर्धारोधी और प्रतियोगिता संबंधी कानूनों को हमेशा अनुपालन करते हुए करना होता है। इसका तात्पर्य है कि हम किसी प्रकार के अनुचित, भ्रामक या कपटपूर्ण व्यापारिक क्रिया-कलापों को प्रयोग किए बिना, यथोचित कानूनी सीमाओं के भीतर और मूल्य, गुणवत्ता और सेवा के आधार पर प्रतियोगिता करते हैं। इसके अतिरिक्त, हम अपने सभी कर्मचारियों से हमारी वाणिज्यिक गतिविधियों का न्यायोचित, ईमानदार और नैतिक तरीके से निर्वहन करने की अपेक्षा करते हैं।

**एंटी-मनी लांडरिंग**
सीआईएल गैर-कानूनी उत्पत्ति के धन, वस्तुओं या किसी उपयोगी साधन/वस्तु को प्राप्त करने, उसकी लांडरिंग करने या उपयोग करने जैसे अपराधों को सहयोग प्रदान करने हेतु लक्षित किसी भी संभव आचरण की निंदा करती है। सभी कर्मचारियों को आवश्यक रूप से अपने पर्यवेक्षक, अनुपालन, कानूनी अधिकारी को या
अखंडता हॉटलाइन
रिपोर्टिंग माध्यम पर किसी गतिविधि के मनी लांडरिंग की गतिविधि होने की शंका होने पर तुरंत सूचित करना चाहिए।

**भ्रष्टाचार-विरोधी**
सीआईएल में हम अनुचित प्रदर्शन को प्रेरित या सम्मानित करने या किसी को उसके कार्य के प्रदर्शन को प्रभावित करने के लिए प्रभावित करने हेतु लक्षित किसी गैर-कानूनी कार्य या प्रोत्साहन से दूर रहते हैं। हम अच्छे व्यापारिक क्रिया-कलापों को सहयोग प्रदान करते हैं तथा रिश्वतखोरी और किसी अन्य रूप में अनुचित भुगतान को प्रतिबंधित करते हैं। सभी व्यवहार ईमानदारी के साथ किए जाने चाहिएं और उन्हे आवश्यक रूप से लागू होने वाले कानूनों का अनुपालन करते हुए किया जाना चाहिए। हम सीआईएल का प्रतिनिधित्व करने वाले तृतीय पक्षों से व्यवसाय करते समय इन कानूनों का पालन करने की अपेक्षा करते हैं।

**व्यापार प्रतिबंध**

सीआईएल व्यापार प्रतिबंधों, अधिरोधों, नियंत्रणों और बहिष्कार-विरोध से संबंधित सभी लागू होने वाले कानूनों और अधिनियमों का पालन करती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लेन-देन का कार्य करने वाले कर्मचारियों को उनके कार्य पर लागू होने वाले सभी व्यापार प्रतिबंधों और बहिष्कार-विरोधी कानूनों की आवश्यक रूप से जानकारी होनी चाहिए और उन्हे उनका अनुपालन करना चाहिए। अगर आपको कभी भी शंका होती है कि आपके कार्य से कानूनों का उल्लंघन हो सकता है तो आपको तुरंत कानूनी परामर्श प्राप्त करना चाहिए।

### उपहारों को देना और स्वीकार करना

सीआईएल कर्मचारियों को उपहारों को व्यक्तिगत रूप से स्वीकार करने और देने और व्यक्तिगत रूप से शिष्टाचार करने की अनुमति तब प्रदान करता है जब इससे किसी वैधानिक उद्देश्य की पूर्ति होती हो, और उस स्थिति में ऐसा करने की अनुमति प्रदान करती है जब ऐसा शिष्टचार उचित अंश में किया जाए और उसमे उद्देश्यपूर्ण और उचित व्यावसायिक निर्णयों को प्रभावित करने की क्षमता का समावेश नही हो। इसके अतिरिक्त, इस क्षेत्र में जब कोई सरकारी अधिकारी सम्मिलित है या हो सकता है तो विशेष रूप से ध्यान रखा जाना चाहिए। किसी सरकारी अधिकारी को किसी प्रकार का उपहार का प्रस्ताव देने या उसकी आवभगत करने से पूर्व वैधानिक विभाग को आवश्यक रूप से सूचित किया जाना चाहिए।

**सीआईएल के कर्मचारियों के द्वारा कभी भी नकदी, और नकदी के समान, जैसे गिफ्ट कार्ड या प्रतिभूतियाँ, प्राप्त या प्रदान नही किए जा सकते हैं।**

### हित का टकराव

सीआईएल के कर्मचारी नैतिकता एवं ईमानदारी के साथ व्यवसाय करेंगे। इसमे सीआईएल के श्रेष्ठ हितों को ध्यान में रखकर व्यावसायिक व्यवहार करना शामिल है। कर्मचारियों को ऐसी किसी प्रकार की स्थिति में पड़ने से बचना चाहिए जिसमें उनके पारीवारिक सदस्यों, मित्रों और सहयोगियों सहित उनके व्यक्तिगत हितों और कंपनी के हितों के बीच टकराव उत्पन्न हो सकता है। जैसे ही कर्मचारियों को इसके बारे में पता चलता है, या संदेह होता है कि वे हितों के टकराव में शामिल हो सकते हैं, उन्हें इसका खुलासा करना चाहिए। उन्हे ऐसी किसी व्यावसायिक गतिविधि, निवेश या बाहरी नौकरी को करने की अनुमति नही है, जिससे दूसरों को उनकी निष्पक्षता पर संदेह हो या सीआईएल में तटस्थ भाव के साथ और प्रभावकारक ढ़ंग से प्रदर्शन करने की उनकी क्षमता पर प्रभाव पड़े। ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं, ठेकेदारों या प्रतियोगियों के साथ व्यवहार करने वाले कर्मचारियों को आवश्यक रूप से हमेशा किसी निजी लाभ की परवाह किए बिना कंपनी के सर्वोच्च हित में कार्य करना चाहिए।

### सटीक व्यावसायिक एवं आर्थिक रिकॉर्ड

हम सटीक और विश्वसनीय रिकॉर्ड रखते हैं और हमे आवश्यक रूप से रखने चाहिएं। ठोस व्यावसायिक निर्णयों को लेने और हमारी आर्थिक रिपोर्टिंग की ईमानदारी को बनाए रखने के लिए सटीक एवं विश्वसनीय रिकॉर्ड महत्वपूर्ण होते हैं। किसी भी रूप में, हमारी व्यावसायिक सूचना हमारे लेन-देन की वास्तविक प्रकृति को प्रतिबिंबित करती है।

### कंपनी के संसाधनों और सूचना की सुरक्षा

सभी कर्मचारी कम्पनी की सम्पत्तियों की सुरक्षा करेंगे और वे उनका उपयोग केवल कम्पनी के हितों के लिए ही कर सकते हैं, नाकि व्यक्तिगत लाभ या किसी अन्य अनुचित उद्देश्य हेतु। सीआईएल के भीतर उत्पन्न हुई सूचना सीआईएल की सम्पत्ति है और उसे केवल जिन कर्मचारियों को ऐसी सूचना से अवगत होने की आवश्यकता है उनके समक्ष ही प्रकट किया जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त, कम्पनी की सूचना को बिना उचित प्राधिकार के सीआईएल के बाहर प्रकट नही किया जाना चाहिए, जबतक कि ऐसा करने की कानूनी आवश्यकता न हो। जिन कर्मचारियों को स्वामित्व संबंधी और गोपनीय सूचना सुलभ है उनके लिए आवश्यक है कि वे अनाधिकृत पहुँच से इस सूचना की रक्षा करने के लिए सभी उचित कदम उठाएं।

### बौद्धिक संपदा

सीआईएल में हम हमारे बौद्धिक संपदा संबंधी अधिकारों की रक्षा करते हैं तथा उन पर अधिकार जताते हैं क्योंकि हम इससे अवगत हैं कि हमारी निरन्तर सफलता और भावी उन्नत्ति नवप्रवर्तनशील उत्पादों एवं समाधानों पर निर्भर

करती है। सीआईएल दूसरों के संपदा/सम्पत्ति संबंधी अधिकारों का आदर करती है। किसी भी परिस्थिति में कर्मचारियों को तृतीय पक्ष के प्रतिलिप्याधिकारों, ट्रेड मार्कों या पेटेंटों का उल्लंघन करने की अनुमति नही है।

**हमारे कर्मचारी**
**हम लोगों के साथ निष्पक्ष रूप से गरिमा एवं आदर के साथ व्यवहार करते हैं।**

**मानव और श्रम अधिकार**
सीआईएल राष्ट्रीय और *अंतरराष्ट्रीय श्रम कानूनों* का अनुपालन करती है और मानवाधिकारों के अंतरराष्ट्रीय विधेयक में की गई अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यताप्राप्त मानवाधिकारों की अभिव्यक्ति के अनुसार उनका आदर करती है। *सीआईएल अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन ("ILO") के कार्यस्थल पर मूलभूत सिद्धांतों और अधिकारों पर घोषणापत्र में वर्णित सिद्धांतों और अधिकारों का भी सम्मान करती है।*

**साहचर्य की स्वतंत्रता**
लागू वैधानिक अधिनियमों के अनुसार व्यापार संघों से स्वतंत्र और स्वेच्छिक रूप से जुड़ने के हमारे कर्मचारियों के अधिकार का हम सम्मान करते हैं। सीआईएल सीधे प्रबंधन तक अपनी चिंताओं को ले जाने हेतु भी कर्मचारियों को प्रोत्साहित करती है। कंपनी एक ऐसे वातावरण का निर्माण करना चाहती है जिसमें प्रत्यक्ष संवाद मुद्दों का समाधान करने का वरीय मार्ग हो।

**जबरन या बाल मज़दूरी**
हम किसी भी रूप में बाल, जबरन या अनैच्छिक मज़दूरी को स्वीकार या सहन नही करते हैं। हम अपने आपूर्तिकर्ताओं और व्यावसायिक सांझेदारों से भी इन्हि सिद्धांतों का पालन करने की अपेक्षा करते हैं। ज़बरन और बाल मज़दूरी का हमारा बहिष्कार आईएलओ के मूलभूत श्रम मानकों और संयुक्त राष्ट्र के ग्लोबल कॉम्पेक्ट सिद्धांतों के अनुरूप है।

**विविधता और समान अवसर**
हमने सभी सीआईएल की कंपनियों के लिए वर्ग, लिंग, धर्म, राजनीतिक मत, अक्षमता, यौन अभिरूचि, वैवाहिक स्थिति या आयु की परवाह किए बिना सभी कर्मचारियों को समान रोज़गार के अवसरों को प्रदान करना आवश्यक बनाया है। सीआईएल के भीतर सफलता आवश्यक रूप से केवल मात्र व्यक्तिगत कौशल और कार्य प्रदर्शन पर निर्भर करनी चाहिए।

**कोई हिंसा और उत्पीड़न नहीं**
CIL में हम मौखिक, शारीरिक, मानसिक और दृश्य उत्पीड़न सहित किसी भी प्रकार की हिंसा और उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं करते हैं। सभी प्रकार के उत्पीड़न एक सकारात्मक कार्य परिवेश हेतु विनाशक हैं और उनको सहन नही किया जायेगा। हम कार्यस्थल पर उत्पीड़न एवं गैर-पेशेवर व्यवहार से मुक्त पारस्परिक सम्मान से युक्त वातावरण का निर्माण करने का प्रयास कर रहे हैं।

**कार्यस्थल पर स्वास्थ्य और सुरक्षा**
हम कानूनों और अधिनियमों के अनुरूप एक सुरक्षित और स्वस्थ कार्य परिवेश प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। सुरक्षा कानूनों को समझने और उनकी अनुपालना करने के लिए व्यापक व अविरत प्रशिक्षण प्रदान करना और नियमित सुरक्षा संबंधी परीक्षण करना अत्यावश्यक है। सीआईएल के सभी कार्यों और केन्द्रों में आवश्यक रूप से पर्याप्त स्वास्थ्य, सुरक्षा और परिवेश से जुड़ी कार्य-पद्धितियाँ और क्रिया-कलाप होने चाहिएं।

**व्यावसायिक सांझेदार**
**हमारी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में हम दीर्घकालिक और भरोसेमंद सांझेदारों के रूप में कार्य करते हैं।**

**व्यावसायिक सांझेदारों के साथ संबंध**

हम क्लाइंट, ग्राहकों, आपूर्तिकर्ताओं और सेवा प्रदाताओं के साथ पारस्परिक रूप से लाभकारी संबध बनाने का प्रयास करते हैं। हम अपनी संपूर्ण आपूर्ति श्रृंखला में कानून के अनुपालन की अपेक्षा करते हैं और पर्यावरणीय और सामाजिक सिद्धांतों को अपनाने के साथ-साथ मानवाधिकारों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देते हैं।

**उत्पाद सुरक्षा और गुणवत्ता**

सीआईएल में हम अपने उत्पादों हेतु उच्चतम गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों को कायम रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि वे ग्राहकों के स्वास्थ्य और उनकी सुरक्षा हेतु वैधानिक रूप से आवश्यक सभी मानकों को पूरा करें। हम अपने कर्मचारियों को पर्याप्त प्रशिक्षण प्रदान करने की गारंटी देते हैं और बेहतर, सुरक्षित, स्वच्छ और अधिक वहनीय उत्पादों हेतु पर्यावरण की दृष्टि से उत्तम तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा देते हैं।

**चिरस्थायी विकास**

**हम चिरस्थायी विकास हेतु योगदान करने को ध्यान में रखकर व्यवसाय को करने का प्रयास करते हैं।**

**चिरस्थायी विकास हेतु योगदान**

हमारी वैश्विक पहुँच के साथ, अपने प्रभाव का प्रबंधन करने और सांझा महत्व का निर्माण करने की एक जिम्मेदारी आती है। हम यह मानते हैं कि हमे हमारा व्यवसाय इस तरीके से करने की आवश्यकता है जिससे हम, भावी पीढ़ियों की स्वयं की आवश्यकताओं को पूरा करने की क्षमता से समझौता किए बिना, वर्तमान की आवश्यकताओं को पूरा कर पाएं।

कॉफ्को इंटरनेशनल चिरस्थायी विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पाँच स्तंभों के द्वारा पुष्टि करता हैः सुरक्षा मानक, अपने लागों का ध्यान रखना, आपूर्ति और माँग को जिम्मेदारीपूर्वक जोड़ना, अपने द्वारा पर्यावरण पर पड़ने वाले प्रभाव का प्रबंधन करना और शक्तिशाली समुदायों का निर्माण करना। ये पाँच कूटनीतिक उद्देश्य, हमारे निरन्तरता को बनाए रखने संबंधी मुद्दों का समाधान करने और हमारे प्रभाव का प्रबंधन करने हेतु सभी कार्यवाहियों को करने के लिए नींव प्रदान करते हैं। इन कूटनीतिक उद्देश्यों के कार्यान्वयन को कम्पनी की चिरस्थायित्व संबंधी नीतियों के द्वारा मार्गदर्शन प्राप्त होता है।

**पर्यावरण संबंधी दायित्व**

हम अपनी गतिविधियों को वैधानिक अधिनियमों और संगठन के द्वारा स्वीकृत नियमों या मानकों के अनुपालन के अनुरूप, पर्यावरण की दृष्टि से जिम्मेदार, तरीके से संचालित करने हेतु प्रतिबद्ध हैं। अपने पर्यावरण संबंधी प्रदर्शन में निरन्तर सुधार, प्रदूषण को रोकने और निर्णय निर्माण और व्यवसाय हेतु योजना निर्माण की प्रक्रिया संबंधी खतरों और अवसरों का विश्लेषण करने हेतु अपने प्रयासों को हम निर्देशित करते हैं। तद्नुसार, हम चिरस्थायी विकास की ओर अभिमुख तकनीकों और उत्पादन प्रक्रियाओं के उपयोग को बढ़ावा देते हैं। सभी कर्मचारियों को आवश्यक रूप से लागू होने वाले पर्यावरण से जुड़े कानूनों और अधिनियमों का पालन करना चाहिए, और किसी प्रकार की पर्यावरण संबंधी घटनाओं या उल्लंघनों के बारे में सूचित करना चाहिए।

**समुदाय**
**हम जिन समुदायों में कार्य करते और रहते हैं वहाँ एक सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करते हैं।**

सीआईएल अपने पड़ोसियों और नागरिक संगठनों के साथ संबंधों के द्वारा स्थानीय समुदायों में आर्थिक एवं सामाजिक कल्याण पर एक सकारात्मक प्रभाव ड़ालने के लिए प्रति प्रतिबद्ध है। हम जिन समुदायों में काम करते हैं वहाँ बेहतर शिक्षा, आय और बेहतर श्रम स्थितियों को लाने का प्रयास करके स्थानीय विकास को बढ़ावा देते हैं। अपनी आवश्यकताओं को आवाज़ प्रदान करने के इन समुदायों के अधिकारों का हम सम्मान करते हैं और हम उन आवश्यकताओं का समाधान करने के लिए उनके साथ मिलकर काम करने का प्रयास करते हैं।

उपकारी दान और स्वैच्छिक प्रयासों जैसे, उनके व्यक्तिगत योगदानों के द्वारा समुदायों की आवश्यकताओं को पूरा करने हेतु सहयोग करने में सम्मिलित होने हेतु सभी सीआईएल के कर्मचारियों को प्रोत्साहित किया जाता है।